कार्यालय कलेक्टर (नजूल शाखा) जिला गुना (म.प्र.)

क्रमांक/144 /नजूल/रीडर/2010 गुना,दिनांक 20 मार्च 2010

प्रति,

सचिव,
मध्य प्रदेश निजी विश्वविघालय
विनियामक आयोग भोपाल

विषय :– जे0पी0 सेवा संस्थान नई दिल्ली द्वारा राघौगढ़ में निजी विश्वविघालय खोलने संबंधी आवेदन।

संदर्भ :– आपका पत्र क. 022619859–1/म.प्र.नि.वि.वि.आयोग/भोपाल दिनांक 25/2/2010

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करे। संदर्भित पत्र द्वारा जे0पी0 सेवा संस्थान नई दिल्ली को तहसील राघौगढ़ जिला गुना में निजी विश्वविघालय खोलने हेतु आबंटित भूमि की वर्तमान अघतन स्थिति का प्रतिवेदन चाहा गया है। उक्त संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ से जॉच करवाई जाकर जॉच प्रतिवेदन प्राप्त किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन दिनांक 19.3.2010 के अनुसार तहसील राघौगढ में ग्राम रघुनाथपुरा स्थित भूमि सर्वे क. 4 रकबा 0.711 है व सर्वे क. 5 रकबा 33.707 है, सर्वे क. 6 रकबा 0.533 है0, सर्वे क. 7 रकबा 3. 344 है0, सर्वे क. 10 रकबा 2.466 है0 कुल रकबा 40.761 है0 जो कि राजस्व अभिलेख में मे.जे0 पी0 सेवा संस्थान रीवा के नाम भूमि स्वामित्व पर स्थित है। जे0पी0 सेवा संस्थान द्वारा आबंटित भूमि कुल रकबा 40.761 है0 में वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है यथा – सर्वे क. 5 रकबा 7.000 है0 में बालक छात्रावास एवं 4.000 है0 में तालाब, 2.000 है0 में खेल का मैदान, 8.000 है0 में अकादमी ब्लॉक स्थित है। इसी प्रकार 5.000 है0 में आवासीय कॉलोनी है, शेष रकबा 4.707 है0 में पार्क आने –जाने के लिये सड़के, हॉस्पीटल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स,नर्सरी बनी हुई है एवं रकबा 3.000 है0 में मल्टीपरपज हॉल एवं प्रयोगशाला है। सर्वे क. 4 रकबा 0.711 है0 में बाउण्ड्रीवाल एवं खुला मैदान एवं सर्वे क. 6 रकबा 0.533 है0 में प्रयोगशाला बनी हुई है, सर्वे क0 7 रकबा 3.344 है0 में खुला मैदान एवं सर्वे क. 10 रकबा 2.466 है0 में जय ज्योति स्कूल एवं लेबर आवासीय कॉलोनी है। संस्थान द्वारा आबंटित भूमि का उपयोग नजूल पट्टे मे निहित शर्तो का पालन किया जा रहा है। साथ ही उक्त भूमि में संस्था द्वारा किसी प्रकार का अवैध रूप से अन्य कोई कार्य नही किया जा रहा है। अतः वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

कलेक्टर
जिला गुना(म.प्र.)

C:\Documents and Settings\hp1\Desktop\SKB\SKB-1.doc
114